केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय)

परिवेश भवन, पूर्वी अर्जुन नगर,

दिल्ली - 110032

सं.सी-27011/2/2016-17 हिन्दी/423 दिनांक : 02.08.2018

<u>परिपत्र</u>

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के आदेशों के अनुसार केन्द्रीय बोर्ड में प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी सक्षम प्राधिकारी, केन्द्रीय बोर्ड की स्वीकृति से बोर्ड के मुख्यालय में 14 सितम्बर, 2018 (शुक्रवार) को हिन्दी दिवस समारोह आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। इसके उपलक्ष्य में अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ बोर्ड के मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी:

क्र. सं	प्रतियोगिता का नाम	पुरस्कार	पुरस्कारों की राशि	पुरस्कारों की संख्या	पात्रता
01.	वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेख प्रतियोगिता	प्रथम	5000.00	एक	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
		द्वितीय	3000.00	एक	
		तृतीय	2000.00	एक	
		प्रोत्साहन	1000.00	दो	
02.	हिन्दी टिप्पण/आलेखन/ पत्राचार	प्रथम	5000.00	एक	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
		द्वितीय	3000.00	एक	
		तृतीय	2000.00	एक	
		प्रोत्साहन	1000.00	दो	
03.	वाद-विवाद प्रतियोगिता	प्रथम	5000.00	एक	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
		द्वितीय	3000.00	एक	
		तृतीय	2000.00	एक	
		प्रोत्साहन	1000.00	दो	
04.	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	प्रथम	5000.00	एक	सभी वर्गों के अधिकारी/कर्मचारी
		द्वितीय	3000.00	एक	
		तृतीय	2000.00	एक	
		प्रोत्साहन	1000.00	दो	

02. पहली प्रतियोगिता वैज्ञानिक/तकनीकी लेखों के संबंध में इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से निवेदन है कि अपने लेख निर्धारित तिथि तक हिन्दी अनुभाग में अवश्य भिजवा दें, ताकि इनका मूल्यांकन करके यथासमय पुरस्कार निर्धारित किए जा सकें।

क्रमश.......2

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त लेखों पर विचार नहीं किया जाएगा। लेख पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित विषयों पर उत्कृष्ट भाषा शैली, अर्थपूर्ण, जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए उपयुक्त हस्त लिखित लेख अधिकतम 20 पृष्ठों के होने चाहिए।

03. दूसरी प्रतियोगिता अर्थात "हिन्दी टिप्पण/आलेखन/पत्राचार" के लिए प्रश्न-पत्र तैयार किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विषयों पर हिन्दी में निबन्ध, नोटिंग/ड्राफ्टिंग, पत्राचार, अंग्रेजी वाक्यों/शब्दों का हिन्दी पर्याय एवं हिन्दी वाक्यों/शब्दों का अंग्रेजी पर्याय इत्यादि से संबंधित प्रश्न होंगे।

04. प्रतियोगिता सं. 03 एवं 04 के संबंध में अन्य परिपत्र के मध्यम से सूचित किया जाएगा।

05. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताएं हिन्दी दिवस कार्यक्रम से पहले आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता आयोजन की तिथि, समय और स्थान से प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। विजेता कर्मचारियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

06. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में शामिल होने के इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी निर्धारित तिथि अर्थात दिनांक 20.08.2018 तक अपने नाम एवं लेख हिन्दी अनुभाग में भेजने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त नाम व लेख पर विचार नहीं किया जाएगा।

02/08/18

(शीतल प्रसाद)
प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)

सेवा में,

सभी अधिकारी/कर्मचारी, केन्द्रीय बोर्ड, (मुख्यालय)

प्रतिलिपि

1. प्रभारी, वित्त एवं लेखा प्रभाग, केन्द्रीय बोर्ड
2. सभी प्रभाग प्रभारी - कृपया अपने अधीनस्थ कर्मचारियों में परिचालित करें व उन्हें प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।
3. परिवेश भवन के सभी तलों के सूचना पट्ट
4. प्रभारी, आई.टी. प्रभाग - कृपया इस परिपत्र को केन्द्रीय बोर्ड की वेबसाइट व इंट्रापोर्टल पर अपलोड करें।

02/08/18

(शीतल प्रसाद)
प्रशासनिक अधिकारी (रा.भा.)